FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

आज अदालत **न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)** मुकाम जोधपुर

मांगीलाल बनाम् ओमाराम व अन्य

किस्म मुकदमा – 151 सी.पी.सी. 1908

मुकदमा संख्या – C/34/2025 जीसीएमएस नं 2025/213

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25.07.2025	प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र जरिये प्रार्थी अधिवक्ता श्री उम्मेदसिंह बांवरला व श्री रमेश भादू ने अन्तर्गत धारा 151 सी. पी.सी. 1908 के तहत प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना में लिखित कथनों को दोहराते हुए न्यायालय हाजा के अंतरिम अस्थायी निषेधाज्ञा के संबंध में दिनांक 08.07.2025 को जारी किये गये आदेश की नियमानुसार पालना करवाने हेतु संबंधित पुलिसथाना को यथोचित निर्देश प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया। पत्रावली वास्ते उचित दिनांक 29.07.2025 को पेश हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) जोधपुर	
29.07.2025	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। हस्तगत प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजात् का अवलोकन किया गया। दस्तावेजात् के अवलोकन से यह स्पष्ट हैं कि न्यायालय हाजा द्वारा प्रार्थी के पक्ष में दिनांक 08.07.2025 को खसरा सं. 3/3 रकबा 0. 3237 है. ग्राम भिड़काली, पटवार हल्का नारवा खिचिंयान्, भू. अभि.नि. क्षेत्र माणकलाव, तहसील व जिला जोधपुर भूमि में अंतरिम अस्थायी निषेधाज्ञा के आदेश जारी कर आगामी 03 दिवस में अप्रार्थीगण को भिजवाये जाने वाले नोटिस की रजिस्टर्ड डाक रसीदे प्रस्तुत करने हेतु प्रार्थी अधिवक्ता को निर्देशित किया गया था परन्तु प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा उक्त डाक रसीदें दिनांक 15.07.2025 को पेश की गई। जिसके संबंध में डाक रसीदे देरी से प्रस्तुत करने के संबंध में प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रकट किये गये कारणों को युक्तियुक्त मानते हुए प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा रजिस्टर्ड एडी डाक रसीदे पेश करने में हुई देरी को माफ करते हुए प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 151 स्वीकार किया जाता है। तदनुसार थानाधिकारी, पुलिसथाना सूरसागर को न्यायालय के आदेश दिनांक 08.07.2025 के संबंध में नियमानुसार उचित कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र आज ही जारी हो। पत्रावली इसी स्तर पर निस्तारित की जाकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) जोधपुर	सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) सत्यमेव जयते जोधपुर